दौरा | सिहोरा पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण, सांसद का लगातार जारी है ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम

# सांसद ने सिहोरा वासियों को दी सौगात



**सिहोरा, नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे का ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम निरंतर जारी है जिसके अंतर्गत बुधवार को सिहोरा विधानसभा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सांसद आशीष दुबे ने स्थानीय जनों से संवाद किया एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण करके विकास कार्यों की सौगात दी, इस दौरान सिहोरा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक संतोष वरकड़े उपस्थित रहे।

सांसद के सिहोरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम की शुरुवात गांधीग्राम से हुई तथा उसके बाद क्रमशः बेला, टिकरिया, रानीताल, झांसी, सिलुआ, पौडिकला, पौड़ीखुर्द, घुटना, खज़री, गोसलपुर, कछपुरा, घूघरो होते हुए जुझारी में समापन हुआ। इस दौरान सांसद ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव सुने।

### जन उपयोगी कार्यों से कराया गया अवगत

इस मौके पर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव गरीब किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्थल तक मजबूत करने और सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का आवाहन किया। प्रवास के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायत में विकास कार्यों हेतु भवन, शेड, चबूतरा इत्यादि से जुड़े अनेक जन उपयोगी कार्यों से जुड़ी मांग से सांसद को अवगत कराया गया जिसे सांसद ने चरित्र रूप से संसद में से पूर्ण करने का निर्देश दिया एवं अन्य कार्यों और योजनाओं के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री, मंडल अध्यक्ष अनंत नौगरैया, राजेश दाहिया, राजमणि बघेल, आशीष पटेल, अलका गर्ग, संदीप शुक्ला, नीलू बाजपेई, पुष्पराज बघेल, अनुपम सराफ, कृष्ण कुमार दुबे, अंकित तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।



# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नेशनल हाईवे 30 पर दर्दनाक हादसा

**नवभारत, सिहोरा।** सिहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा ग्राम धनगवां के पास सुबह करीब 10:30 बजे हुआ, जिससे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कोंडिया निवासी उदय उपाध्याय (पिता प्रदीप उपाध्याय) सुबह अपने घर से बाइक क्रमांक एमपी 20 एमएल 4015 से दवाइयां लेने जबलपुर जा रहा था। जैसे ही वह धनगवां के पास नेशनल हाईवे 30 पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 70 एलटी 4362 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिहोरा पुलिस ने तत्काल उसे शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर सिहोरा थाने में खड़ा करवा दिया गया है और आगे की जांच जारी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



# हादसे को दावत दे रहा लटकता विज्ञापन फ्रेम

▸ नगर पालिका गहरी नींद में जनता की जान जोखिम में

**नवभारत, पनागर।** पनागर नगर पालिका की 'लापरवाही' की हद तो देखिए! पिछले दिनों आए तूफान ने शहर के मेन रोड स्थित मार्केट में लगे लोहे के विशालकाय विज्ञापन फ्रेम की कमर तो तोड़ दी, लेकिन मजाल है कि नगर पालिका के जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद से जाग जाएं। सब्जी मंडी रोड जैसे व्यस्त इलाके में लगा यह क्षतिग्रस्त फ्रेम अब किसी भारी-भरकम फांसी के फंदे की तरह लटक रहा है, जो कभी भी धराशायी होकर किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है।

हैरानी की बात तो यह है कि जिस रास्ते से दिन भर में सैकड़ों लोग और गाड़ियां गुजरती हैं, वहां मंडराते इस काल को देखकर भी अधिकारी अनजान बने बैठे हैं। स्थानीय लोग अब चुटकी ले रहे हैं कि क्या नगर पालिका प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना के मुहूर्त का इंतजार है? जर्जर हो चुके इस लोहे के ढांचे के नीचे से गुजरते वक्त लोग अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस जर्जर फ्रेम को हटाकर अपनी जिम्मेदारी निभाता है या फिर किसी हादसे के बाद ही अपनी 'पुंगी' बजाकर जागेगा!

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु



**नवभारत, पनागर।** उपनगरीय क्षेत्र पनागर के ग्राम केवलारी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग झूमने-नाचने लगे।

कथा व्यास पीठ से वाचन कर रहे कथा वाचक पंडित श्री रमाकांत पौराणिक जी महाराज स्लीमनाबाद के भेड़ा से पधारे महाराज जी ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथावाचक महाराज जी ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक महाराज जी ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। आयोजक सौरभ तिवारी, अनीता तिवारी, धर्मेश गुड्डु तिवारी संजय तिवारी बट्टल, आदित्य तिवारी, लकी तिवारी, अक्षय तिवारी, जयप्रकाश द्वेदी, अरविंद दुबे, रामकिशोर तिवारी, सुनील तिवारी, पवन दुबे, राममिलन दुबे, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, रामसुजान विश्वकर्मा, दुर्गा विश्वकर्मा सहित अनेकजनों ने आरती व पूजा पाठ किया। श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनने कथा स्थल में भारी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।




# सूरतलाई में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**नवभारत, बेलखाड़ू।** सूरतलाई स्थित संस्कार सिटी में आज सुबह 10 बजे से एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन रखा गया। संस्कार तरुण व्यावसायिक शाखा सूरतलाई द्वारा आयोजित इस शिविर दौरान आसपास के ग्रामों के नागरिक जांच कराने पहुंचे।

चिकित्सकों ने इंद्रा नगर, बिहीरिया, सूरतलाई के बड़ी संख्या में उपस्थित 50 ग्रामीण लोगों की दमा, उल्टी, दस्त, जोड़ो के दर्द, गठियाबाद, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य जांच मौके पर करते हुए दवाइयां वितरित की। तरुण व्यावसायिक शाखा के स्वयं सेवकों ने शिविर में सेवा कार्य का पालन किया।

# खेतों में पहुंच कर सिखाया सोखता गड्ढा बनाने का तरीका

▸ कृषि विभाग के नेतृत्व में पाटन में कार्यशाला के साथ शुरू हुआ जल संचय मिशन






**नवभारत, पाटन।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में आज विकासखंड पाटन में 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ। अनुविभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यशाला में क्षेत्र के कृषकों को जल संरक्षण की महत्ता की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बोरवेल और कुआं पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन, मृदा और जल संरक्षण एवं सतही जल संरचनाएं इस कार्यशाला के मुख्य बिंदु रहे। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में जल स्तर को बनाए रखने के लिए जन भागीदारी अनिवार्य है।


कार्यशाला के तुरंत बाद विभागीय टीम ने क्षेत्र के कृषक दशरथ गोंड एवं कार्तिक यादव के खेतों का दौरा किया। यहाँ नलकूपों के पास वैज्ञानिक विधि से सोखता गड्ढा बनाने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया और किसानों को इसे अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान का नेतृत्व अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है और इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री पंकज श्रीवास्तव समेत पाटन विकासखंड की कृषि विभाग की संपूर्ण टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। किसानों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए जल संरक्षण के इस मिशन में पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया।

## जगतगुरु शंकराचार्य से भेंट कर लिया आशीर्वाद

**नवभारत, बेलखाड़ू।** जबलपुर ग्रामीण युवा मोर्चा कार्यकर्ता शुभम उपाध्याय ने गत दिवस जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज से भेंट कर उनके समक्ष अपने राजनीतिक कैरियर एवं अपनी कार्यशैली को प्रस्तुत किया। जबलपुर ग्रामीण के सक्रिय युवा कार्यकर्ता एवं भाजयुमो से जुड़े साहिल अपनी संगठनात्मक कार्यशैली, सामाजिक सक्रियता एवं युवाओं के बीच किए जा रहे कार्यों को लेकर दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं।





# उत्कृष्ट कार्य पर रिटायर्ड डीएसपी रवीन्द्र कुमार गौतम को मिला रुस्तम पुरस्कार

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस विभाग में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रिटायर्ड उप पुलिस अधीक्षक रवीन्द्र कुमार गौतम को रुस्तम जी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें 50 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया. 11 मई को भोपाल के रवीन्द्र भवन सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया. इस कार्यक्रम में वर्तमान दमोह देहात थाना प्रभारी अमित गौतम के चाचा जी, दमोह और जबेरा के पूर्व टीआई रहे रिटायर्ड डीएसपी रवीन्द्र कुमार गौतम को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए रुस्तम जी पुरस्कार से नवाजा गया. सम्मान समारोह में पुलिस प्रमुख कैलाश मकवाना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार, चंचल शेखर सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे. रिटायर्ड डीएसपी गौतम को यह सम्मान मिलने पर दमोह जिले में हर्ष का माहौल है.



# बागमती एक्सप्रेस से गिरकर यात्री घायल

**नवभारत, जबलपुर।** बागमती एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री गिरकर घायल हो गया जिसकी जानकारी जबलपुर मंडल रेल प्रशासन को लगी तो नरसिंहपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर त्वरित चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराकर उपचार कराया गया। सूत्रो द्वारा बताया जाता है कि ट्रेन संख्या 12577 बागमती एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे यात्री रितेश कुमार (18 वर्ष), दानापुर से बेंगलुरु के दौरान ट्रेन से गिरकर घायल हो गए। यात्री के पैर के अंगूठे में चोट लगने तथा रक्तस्राव होने की सूचना डिप्टी एसएस कॉमर्शियल नरसिंहपुर से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रेन के नरसिंहपुर स्टेशन पहुंचने पर यात्री को तत्काल अटेंड किया गया।


**समय पर मिला इलाज**

मौके पर उपस्थित रेलवे चिकित्सक डॉ. आर. आर. कुर्रे द्वारा यात्री का चिकित्सीय परीक्षण किया गया, जिसमें दोनों पैरों में चोट एवं रक्तस्राव पाया गया। चिकित्सक द्वारा तुरंत बेटाडीन से ड्रेसिंग कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई तथा यात्री को सावधानीपूर्वक आगे की यात्रा करने की सलाह दी गई। समय पर चिकित्सा सहायता मिलने पर यात्री ने रेलवे प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुनर्विकास | रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य लगभग 29 .46 करोड़ रुपये की लागत से किया गया

# विदिशा रेलवे स्टेशन बना आधुनिकता का नया प्रतीक



**नवभारत, भोपाल।** मध्यप्रदेश का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व रखने वाला विदिशा रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक स्वरूप में विकसित किया गया है। पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत आने वाला विदिशा स्टेशन यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्टेशन है। यह स्टेशन विभिन्न प्रमुख शहरों से रेल संपर्क द्वारा जुड़ा हुआ है तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री यहां से आवागमन करते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विदिशा रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य लगभग 29.46 करोड़ रुपये की लागत से किया गया हैं। योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक, सुविधायुक्त एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने हेतु विभिन्न विकास कार्य किये गये हैं। योजना के अंतर्गत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में सुधार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 2, 3 एवं 4 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था विकसित की गयी है तथा सभी प्लेटफॉर्मों पर शेड विस्तार का कार्य भी किया गया है। स्टेशन के अग्रभाग एवं आंतरिक हिस्सों का उन्नयन कर उन्हें आधुनिक स्वरूप दिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालयों एवं शौचालयों का नवीनीकरण भी किया गया है।

**दिव्यांगजन अनुकूल है स्टेशन**

इसके अतिरिक्त स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का विकास कार्य भी किया गया है, जिससे यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल रही है। स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ाई वाले नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है। साथ ही नए स्टेशन भवन का निर्माण भी किया गया है, जिससे स्टेशन की संरचना अधिक आधुनिक एवं सुविधाजनक हुई है। वही दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए स्टेशन को 'दिव्यांगजन अनुकूल' बनाया गया है, जिसके अंतर्गत रैंप, टैक्टाइल पाथ एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। साथ ही सुरक्षित आवागमन हेतु स्टेशन परिसर में बेहतर प्रकाश की व्यवस्था की गई है।